**Title: Need to construct a new bridge on river Gomti at Jaunpur, Uttar Pradesh. – Laid.**

**श्री पारसनाथ यादव (जौनपुर):** अध्यक्ष महोदय, गोमती नदी उत्तर प्रदेश के जिला जौनपुर नगर के मध्य से गुजरती है। यहां पर एक पुल का निर्माण आजादी से पूर्व हुआ था। यह पुल साही पुल के नाम से भी जाना जाता है। आज इस पुल की हालत बिल्कुल जर्जर हो चुकी है और आने वाले निकट समय में इस पुल के टूटने का खतरा अत्यधिक बना हुआ है, जिससे इस क्षेत्र में किसी भी समय एक बड़ा हादसा हो सकता है।

केन्द्रीय गृह मंत्री और उ0प्र0 के मुख्य मंत्री जी ने इस पुल के समानान्तर एक नये पुल के निर्माण की घोाणा की थी, लेकिन आज तक इस पुल का निर्माण कार्य शरू नहीं हो सका। मेरी केन्द्र सरकार से यह मांग है कि इस पुल का निर्माण कार्य अतिशीघ्र किया जाये।